Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

# अध्याय – 7 | ताप एवं उसका मापन

QUIZ PART-02

1. **स्वस्थ मानव शरीर का सामान्य ताप लगभग कितना होता है?**
   A. 42.0°C
   B. 25.0°C
   C. 37.0°C
   D. 50.0°C (C)

*व्याख्या :* स्वस्थ मानव शरीर का सामान्य ताप लगभग 37.**0**°C माना जाता है।

2. **मानव शरीर के ताप को कौन-कौन से कारक प्रभावित करते हैं?**
   A. केवल भोजन
   B. केवल शरीर का भार
   C. केवल कपड़ों का रंग
   D. आयु, दिन का समय और गतिविधि का स्तर (D)

*व्याख्या :* शरीर का ताप व्यक्ति की आयु, दिन के समय और उसकी गतिविधियों के अनुसार बदल सकता है।

3. **मानव शरीर के ताप का सामान्य मापन-परिसर क्या है?**
   A. 35°C से 42°C
   B. 0°C से 10°C
   C. –10°C से 110°C
   D. 50°C से 100°C (A)

*व्याख्या :* डॉक्टरी तापमापी में मानव शरीर का ताप सामान्यतः 35°C से 42°C के बीच मापा जाता है।

4. **छोटे बच्चों और वृद्धों का ताप मापने के लिए तापमापी कहाँ रखा जा सकता है?**
   A. हथेली पर
   B. काँख में
   C. पैर के नीचे
   D. माथे के पीछे (B)

*व्याख्या :* छोटे बच्चों और वृद्धों के लिए तापमापी को काँख अर्थात् बाँह के नीचे रखा जा सकता है।

5. **काँख का ताप मुँह के ताप की तुलना में सामान्यतः कितना होता है?**
   A. 5°C अधिक
   B. 10°C कम
   C. 0.5°C से 1°C कम
   D. बिल्कुल दोगुना (C)

*व्याख्या :* काँख में मापा गया ताप मुँह में मापे गए ताप से लगभग 0.**5**°C से 1°C कम होता है।

6. **37°C ताप फारेनहाइट मापक्रम पर कितना होता है?**
   A. 37.0°F
   B. 86.0°F
   C. 310.15°F
   D. 98.6°F (D)

*व्याख्या :* स्वस्थ मानव शरीर का सामान्य ताप 37°C अथवा 98.**6**°F होता है।

7. **37°C ताप केल्विन मापक्रम पर कितना होता है?**
   A. 310.15 K
   B. 273.15 K
   C. 98.6 K
   D. 337.0 K (A)

*व्याख्या :* 37 में 273.15 जोड़ने पर 310.15 K प्राप्त होता है।

8. **ताप का SI मात्रक क्या है?**
   A. डिग्री सेल्सियस
   B. केल्विन
   C. डिग्री फारेनहाइट
   D. पास्कल (B)

*व्याख्या :* ताप का अंतरराष्ट्रीय मात्रक केल्विन है, जिसे K से दर्शाया जाता है।

9. **सेल्सियस ताप को केल्विन में बदलने का सही सूत्र कौन-सा है?**
   A. K = °C – 273.15
   B. K = °C × 273.15
   C. K = °C + 273.15
   D. K = 273.15 ÷ °C (C)

*व्याख्या :* सेल्सियस से केल्विन में बदलने के लिए ताप में 273.15 जोड़ा जाता है।

10. **कोविड-19 के दौरान शरीर का ताप दूर से मापने के लिए किस उपकरण का उपयोग किया गया?**
    A. प्रयोगशाला तापमापी
    B. पारा तापमापी
    C. वायुदाबमापी
    D. संपर्क-रहित अवरक्त तापमापी (D)

*व्याख्या :* संपर्क-रहित अवरक्त तापमापी शरीर को स्पर्श किए बिना दूरी से ताप मापता है।